# तो क्या गांजा का सी एण्ड एफ बन चुका है सतना..?

## कानपुर में पकड़े गए गांजा तस्करों के खुलासे से जिले की पुलिसिंग पर उठे गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 अगस्त. सी एण्ड एफ यानी कैरिंग एण्ड फारवर्डिंग शब्द का प्रयोग वैसे तो घरेलू व्यापार और वितरण व्यवस्था के लिए किया जाता है. लेकिन पिछले दिनों कानपुर में गांजे की बड़ी खेप के साथ पकड़े गए आरोपियों ने जो खुलासा किया है, उससे सतना जिले की कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर संकेत मिल रहे हैं.**

आरोपियों के अनुसार उड़ीसा से गांजे की खेप पहले सतना पहुंचती है और उसके बाद चित्रकूट होते हुए उप्र के तस्करों तक पहुंच जाती है. तो क्या यह माना जाए कि जिले के कुछ तस्करों द्वारा उड़ीसा से गांजे की खेप मंगाकर गुप्त तरीके से गादामों में छिपाकर रखने के बाद आगे के कथित डीलर्स, दुकानदार अथवा ग्राहकों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है.

पिछले दिनों कानुपर पुलिस ने कार सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से 219 किलो गांजे की खेप पकड़ी थी. पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों शिवम सिंह और रोहित उर्फ लटकन ने उन्हें गांजे की खेप अरुण कुमार उर्फ महाराज नामक व्यक्ति से मिलती थी. अरुण द्वारा गांजे की खेप सतना से चित्रकूट पहुंचाई जाती थी. आरोपियों के अनुसार सतना वाला सप्लायर गांजे की खेप उड़ीसा से मंगवाता है. यह जानकारी सामने आने पर कानपुर पुलिस द्वारा उड़ीसा से कानपुर और चित्रकूट की ओर आने वाले रास्तों पर निगरानी सख्त कर दी गई है. लेकिन ऐसा लग रहा है कि इस



चौंकाने वाले खुलासे के बावजूद न तो जिले की पुलिसिंग व्यवस्था में किसी तरह की कसावट देखने को मिल रही है, और न ही पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध छेड़े गए ऑपरेशन प्रहार को लेकर अब तक कोई विशेष उपलब्धि ही हासिल हो पाई है. कानपुर में पकड़े गए आरोपियों के खुलासे की तस्दीक महज 2 महीने पहले के घटनाक्रम के जरिए भी की जा सकती है. शहर के डिलौरा बाइपास टिकुरिया टोला क्षेत्र में मौजूद एक गोदाम में गांजा और नशे में इस्तेमाल होने वाली कफ सीरप की बड़ी खेप छिपाकर रखी गई थी. वह खेप कितने दिनों से रखी हुई थी और उक्त गोदाम से नशे की सप्लाई कहां-कहां की जा रही थी, सतना पुलिस इससे पूरी तरह अनजान बनी हुई थी. मामला तब खुला जब स्पेशल टास्क फोर्स भोपाल की टीम ने सतना में दबिश दी. उक्त गोदाम में छापेमारी करते हुए 260 किलो गांजा और नशीली कफ सीरप की 7 हजार 200 शीशियां बरामद की गई थीं. नशे की खेप की इतनी बड़ी बरामदगी सतना पुलिस की आगे की जांच और कार्रवाई के लिहाज से बड़ा टर्निंग प्वाइंट साबित हो सकती थी. लेकिन इसे एसटीएफ भोपाल का मामला बताते हुए पल्ला झाड़ लिया गया. उक्त घटना से पहले दिसंबर 2025 में आरोपियों के साथ पकड़ी गई गांजे की खेप को भी तस्करी की तकरीबन वैसी ही कहानी को उजागर करती नजर आती है. पकड़ी गई गांजे लिहाजा इस बात का अंदाजा लगाना अधिक मुश्किल नहीं है कि शहर सहित जिले भर में किसी तरह से गांजा और मेडिकल नशे की तस्करी का जाल फैला हुआ है.

### अंतरराज्यीय-स्थानीय गिरोह सक्रिय

पुलिस से जुड़े सुत्रों का मानना है कि जिले में गांजा और मेडिकल नशे की तस्करी के पीछे कोई एक व्यक्ति नहीं बल्कि अलग अलग अंतरराज्यीय गिरोह सक्रिय हैं. इन दिनों सबसे अधिक चर्चित नेटवर्क शैलेंद्र उर्फ शिब्बू और अनिल से जुड़े गिरोह का बताया जा रहा है. इसी कड़ी में पंकज सिंह के नेटवर्क को भी शामिल किया जा सकता है. जबकि सतना सहित विंध्य में गांजा तस्करी के मामले में सबसे बड़ा नाम अब भी अनूप जायसवाल उर्फ जस्सा के गिरोह के तौर पर लिया जाता है. इन सभी गिरोह द्वारा उड़ीसा-छत्तीसगढ़ के रास्ते नशे की खेप मंगाने के बाद आगे की सप्लाई कर दी जाती है. वैसे कहने के लिए अधिकांश तस्कर सरगना सलाखों के पीछे हैं, लेकिन यह बात किसी से छिपी नहीं है कि उनका नेटवर्क कितना सक्रिय है. जबकि पुलिस गाहे-बगाहे कुछ स्थानीय पेडलरों को पकड़कर अपनी पीठ थपथपा लिया करती है.

# मालगांव में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो मासूमों की मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मॉल में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की पानी से भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई.**

घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.जानकारी के अनुसार घटना 9 अगस्त की शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है. दोनों बच्चे कुछ समय के लिए घर से बाहर थे. जब काफी देर तक दोनों दिखाई नहीं दिए तो परिजनों ने उनकी आसपास तलाश शुरू की. इसी दौरान गांव के आसपास स्थित पानी से भरे गड्ढों में भी बच्चों की तलाश की गई.

बताया गया कि तलाश के दौरान दोनों बच्चे पानी से भरे गड्ढे में मिले. हादसे की सूचना तत्काल परिजनों और पुलिस को दी गई. मृत बच्चों की पहचान आयुष पटेल उम्र 8 वर्ष और अंशिका पटेल उम्र 7 वर्ष, दोनों



निवासी ग्राम मॉल पिता जीवनलाल पटेल के रूप में हुई है.

घटना की जानकारी 10 अगस्त की सुबह गढ़ थाने में दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाते हुए घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू की. बच्चों के चाचा सुनील पटेल ने बताया कि 9 अगस्त की शाम करीब 4 बजे जब दोनों बच्चे आसपास कहीं दिखाई नहीं दिए तो परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की. आसपास के संभावित स्थानों पर खोजबीन के दौरान पानी से भरे गड्ढों में भी तलाश की गई, जहां दोनों मासूमों के मिलने से परिवार में चीख-पुकार मच गई.

# देवसर-चौराडांड़ में बस और पिकअप में भिड़ंत

## बड़ा हादसा टला, सिंगरौली से सतना जा रही थी पुरस्वानी बस

नवभारत न्यूज

**देवसर 10 अगस्त। सीधी-सिंगरौली नेशनल हाईवे-39 के देवसर के समीप चौराडांड़ जियावन मार्ग में बस एवं पिकअप के बीच टक्कर हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नही हुआ, लेकिन दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना के समय बस में अफरा-तफरी मच गई थी।**

जानकारी के अनुसार एनएच -39 सीधी-सिंगरौली के देवसर-चौराडांड़-जियावन मार्ग पर सोमवार को पुरुषवानी बस और पिकअप के बीच जोरदार



टक्कर हो गई। हादसे में बस क्रमांक एमपी 19 पी 6070, जो सिंगरौली से सतना की ओर जा रही थी, और बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 19 जीए 5402, जो सतना से किराना सामान लेकर आ रही थी, आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर में वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालांकि बस में सवार यात्रियों सहित दोनों वाहनों के चालक सुरक्षित बताए हैं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार देवसर-चौराडांड़-जियावन मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण लगातार हादसों का खतरा बना रहता है।

# स्वास्थ्य विभाग की कई एएनएम हुई साइबर ठगी का शिकार

## नायब तहसीलदार बनकर ठगी, बीएमओ से ले ली जानकारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, साइबर अपराध का लगातार लोग शिकार हो रहे है, अब अधिकारियों के नाम का उपयोग कर साइबर ठग कर्मचारियों को अपना शिकार बनाने लगे है.**

रीवा में साइबर ठग ने ऐसा पैतरा खेला की बीएमओ ने विभाग की सारी जानकारी उसे दे दी. इसके बाद जो हुआ उससे विभाग में हडकम्प मच गया. दो एएनएम के खाते से पैसे निकल गये. जिसकी शिकायत कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से की गई है. ठग ने खुद को नायब



तहसीलदार बताकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया. साइबर ठग ने अपने आप को नायब तहसीलदार अशोक मीणा बताते हुए पहले बीएमओ डा. आनंद पाण्डेय से सारी जानकारी ली और इसके बाद एक-एक कर एएनएम को ठगी का शिकार बनाने लगा, ठग ने डॉक्टर साहब को यह भी मैसेज दिया की कलेक्ट्रेट से फोन आएगा तो एएनएम को उठाने के लिए निर्देशित कर दीजिए और साहब ने निर्देशित कर दिया. पीड़ितों ने बताया कि विभाग की सारी जानकारी साइबर ठग के पास थी. उसने विकास कार्यों के नाम पर तो किसी से कार्यों के नाम पर चर्चा की और विकास कार्य के लिए पैसा डालने के लिए कहा. पहले एएनएम के खाते में 10 रूपए डालें और फिर वापस10 अपने खाते में मांगा इसके बाद पैसा काटने का सिलसिला शुरू हो गया. बीड़ा में पदस्थ एएनएम पीड़िता रीता पनिका ने बताया कि उसके साथ दो बार में 28000 रुपए की ठगी हुई. वहीं रगौली में पदस्त विश्व मोहिनी नामदेव के साथ 53000 की ठगी की गई है. विभाग के अधिकारियों के संबंध में सारी जानकारी मिलने के बाद साइबर ठग ने दो लोगों के साथ ठगी की और कई लोगों को फोन लगाकर उनसे कार्यों के संबंध में बात करता रहा.

### बीएमओ को फोन कर लिया झांसे में

बीएमओ डा. आनंद पाण्डेय ने बताया कि उन्हे भी फोन कर झासे में लिया गया था. उनके मुताबिक फोन करने वाले ने कहा था कि सभी एएनएम को ग्रुप में सूचना दे दें कि उसका फोन आएगा और मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराए. बीएमओ ने फोन करने वाले की बात पर भरोसा करते हुए ग्रुप में इसका सूचना दे दी और इसके बाद एएनएम विश्व मोहनी नामदेव को फोन आया. बातचीत के दौरान उनके खाते से लगभग 53 हजार रूपये निकल गये. एएनएम का कहना है कि बीएमओ द्वारा पहले ही संबंधित अधिकारी का फोन आने की जानकारी दे दी थी, जिसके चलते उन्हे संदेह नही हुआ.


## जयप्रकाश

पावर वेंचर्स लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय:** जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट कॉम्प्लेक्स, निगरी तहसील सराई, जिला सिंगरौली - 486669, (म.प्र.)

**सीआईएन:** L40101MP1994PLC042920

**'विद्युत मंत्रालय (एमओपी) द्वारा जारी दिशानिर्देश सं. 9/8/2024-एसटी.टीएच. दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड (जेपीवीएल) के तापीय विद्युत संयंत्रों से ऐश (राख) के विक्रय हेतु सीमित नीलामी की सूचना'**

जेपीवीएल के तापीय विद्युत संयंत्रों, अर्थात जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट, जिला: सिंगरौली (म.प्र.) एवं जेपी बीना थर्मल पावर प्लांट, जिला: सागर (म.प्र.) से निर्गत होने वाली 'ऐश' (राख) हेतु उन पात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) तथा स्थानीय एमएसई/स्थानीय उपयोगकर्ताओं से अभिरुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए जाते हैं, जो ऐश-आधारित उत्पादों के निर्माण में संलग्न हैं एवं जिनके पास सीपीसीबी/एसपीसीबी द्वारा जारी वैध 'संचालन की सहमति' (सीटीओ) अथवा वैध एमएसई/उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र तथा 'स्थानीय उपयोगकर्ता' (ईओआई सहित) की मान्यता हो।

इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे अपनी वार्षिक आवश्यकता (मीट्रिक टन में), फर्म/कंपनी के संपूर्ण विवरण सहित, नीचे दिए गए ईमेल पते पर दिनांक 20.08.2026, 18:00 बजे तक अवश्य प्रेषित करें।

ईमेल आईडी: ajeet.singh@auctionit.in

विस्तृत नियम एवं शर्तें हमारी नीलामकर्ता वेबसाइट www.auctionit.in पर उपलब्ध हैं। इच्छुक पक्षों को नीलामीकर्ता के साथ स्वयं को पंजीकृत करना होगा।

सभी इच्छुक अथवा अर्हताप्राप्त उपयोगकर्ताओं को ई-नीलामी की तिथि की सूचना ईमेल के माध्यम से दी जाएगी।


# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

**सतना 10 अगस्त.** मैहर जिले में जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति की नियमित समीक्षा बैठक 12 अगस्त को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक के पश्चात कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। समिति के सचिव और कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मैहर ने समिति के सभी सदस्यों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# खदान से रेत-बोल्डर की चोरी करते 7 ट्रैक्टर जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अगस्त। एनसीएल के मुहेर खदान में अवैध रूप से रेत और बोल्डर चोरी करने वालों के खिलाफ मोरवा पुलिस और सीआईएसएफ ने संयुक्त कार्रवाई की।**

टीम ने खदान में दबिश देकर रेत-बोल्डर चोरी करते सात आरोपियों को पकड़ा और मौके से सात ट्रैक्टर जप्त किए। आरोपियों के खिलाफ मोरवा थाने में धारा 303(2) 62 बीएनएस के तहत सात अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जानकारी अनुसार पुलिस को पिछले कुछ दिनों से मुहेर खदान से ट्रैक्टरों के जरिए रेत और बोल्डर चोरी किए जाने की सूचना मिल रही थी। थाना प्रभारी मोरवा डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने सीआईएसएफ टीम से संपर्क कर संयुक्त कार्रवाई की।

# बीसीएम की सेवा समाप्ति का प्रस्ताव

नवभारत न्यूज

**सीधी, 10 अगस्त. कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति विकास मिश्रा ने विकासखंड रामपुर नैकिन के ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर (बीसीएम) अखिलेश सोनी की सेवा समाप्ति के लिए प्रस्ताव मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश को भेजा है।**

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत चिन्हांकन कर अनमोल पोर्टल पर प्रथम त्रैमास में पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके लिए बीसीएम रामपुर नैकिन को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। साथ ही 24 जुलाई को आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में शिशु मृत्यु की समीक्षा के दौरान विकासखंड रामपुर नैकिन की उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई थी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा 30 जुलाई 2026 को बीसीएम को सेवा समाप्ति की पूर्व सूचना जारी कर जवाब मांगा गया था। प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने के बाद कलेक्टर ने निरंतर निर्देशों एवं समीक्षा के बावजूद अपेक्षित कार्य नहीं होने तथा कमजोर प्रदर्शन के आधार पर सेवा समाप्ति का प्रस्ताव राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को भेजा है।

# आदतन शातिर चोर मनीष गिरफ्तार, 2 मामलों में भेजा गया जेल

▸ जियावन पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अगस्त। जियावन पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी के 2 अलग-अलग मामलों में संलिप्त शातिर एवं आदतन अपराधी मनीष सोनी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।**

पुलिस के अनुसार फरियादी नीलांचल केशरवानी निवासी ग्राम नौढ़िया आबाद की ग्राम समदा स्थित किराना गोदाम का ताला तोड़कर दरमियानी रात 1 बोरा हल्दी कीमती 10 हजार चोरी करने के मामले में संलिप्तता पाए जाने पर आरोपी मनीष सोनी को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरा फरियादी प्रकाश कुशवाहा निवासी खोभा की इलेक्ट्रिकल दुकान से 2 नग पंखे एवं 3 नग पंखे की स्टेटर कीमती 10 हजार चोरी होने के प्रकरण में आरोपी मनीष सोनी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा धारा 331(3),305 (ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जियावन उनि शेषनारायण दुबे, सउनि तेज बहादुर सिंह, दिनेश कुमार, प्रआर दिनेश सिंह एवं थाना जियावन की पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### आरोपी है शातिर चोर, 8 दर्ज हैं मामले

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मनीष सोनी पिता बद्री प्रसाद सोनी उम्ररू 26 वर्ष निवासी ग्राम समदा-ईटार, थाना जियावन एक शातिर एवं आदतन अपराधी है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व से थाना जियावन एवं महिला थाना सिंगरौली में मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, महिला उत्पीड़न एवं संपत्ति संबंधी अपराधों के कुल 8 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इधर पुलिस टीम द्वारा आरोपी को दोनों प्रकरणों में विधिवत हिरासत में लेकर पूछतांछ की गई एवं चोरी गए मशरूका सामग्री की बरामदगी की कार्यवाही की गई। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा जेल में भेजा गया है।


## भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

(अनुसूची - 'ए' मिनी रत्न-श्रेणी- 1 सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम)
राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003

**विभिन्न संवर्गों में प्रबंधकों एवं कनिष्ठ कार्यपालकों की भर्ती**
**विज्ञापन संख्या 12/2026/सीएचक्यू/डीआर-सीबीटी**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से भाविप्रा वेबसाइट www.aai.aero के माध्यम से **ऑनलाइन** आवेदन आमंत्रित करता है।

**(किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा)**

| पद कोड | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या और आरक्षण | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | यूआर | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी (एनसीएल) | एससी | एसटी | पीडब्ल्यूबीडी (रिक्तियों सहित) (ए) | (बी) | (सी) | (डी) व (ई) |
| 1 | प्रबंधक (इंजीनियरिंग – सिविल) | 145 | 62 | 14 | 38 | 21 | 10 | - | 03 | 02 | 03 |
| 2 | प्रबंधक (इंजीनियरिंग – इलैक्ट्रिकल) | 16 | 04 | 05 | 04 | 02 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 3 | प्रबंधक (वित्त) | 34 | 19 | 03 | 07 | 04 | 01 | 02 | [01] | [01] | - |
| 4 | प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) | 05 | 05 | - | - | - | - | 01 | - | - | 01 |
| 5 | प्रबंधक (वास्तु) | 04 | 03 | - | 01 | - | - | - | - | - | 01 |
| 6 | प्रबंधक (विधि) | 02 | 02 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 7 | प्रबंधक (अग्निशमन सेवाएँ) | 14 | 08 | 01 | 03 | 01 | 01 | - | - | - | - |
| 8 | प्रबंधक (प्रचालन) | 28 | 13 | 02 | 07 | 04 | 02 | 01 | - | - | - |
| 9 | प्रबंधक (वाणिज्यिक) | 09 | 06 | - | 02 | 01 | - | 01 | - | - | - |
| 10 | प्रबंधक (निगमित योजना एवं प्रबंधन सेवाएँ) | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 11 | प्रबंधक (निगमित संचार) | 02 | 02 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | कनिष्ठ कार्यपालक (वित्त) | 36 | 13 | 06 | 06 | 05 | 06 | 01 | - | 01 | - |
| 13 | कनिष्ठ कार्यपालक (विधि) | 06 | 05 | - | - | 01 | - | - | - | - | - |
| 14 | कनिष्ठ कार्यपालक (प्रचालन) | 79 | 35 | 07 | 21 | 11 | 05 | 01 | 01 | - | 01 |
| 15 | कनिष्ठ कार्यपालक (सर्वेक्षण एवं कार्टोग्राफी) | 08 | 05 | - | 02 | 01 | - | - | - | - | 01 |

**रिक्त पदों की संख्या अनंतिम है और भाविप्रा के विवेकानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।**

प्रयुक्त संक्षिप्तियां: यू आर = अनारक्षित/ईडब्लूएस = आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग/ओबीसी (एनसीएल) = अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमीलेयर)/एससी = अनुसूचित जाति/एसटी = अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी = बेंचमार्क दिव्यांगजन/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी, (ए), (बी), (सी), (डी) व (ई): कृपया विस्तृत विज्ञापन में संबंधित पोस्ट कोड के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणियों का संदर्भ लें।

| विवरण | तिथि |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 08.08.2026 |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 07.09.2026 |
| कंप्यूटर आधारित परीक्षा की संभावित तिथि | भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर घोषणा की जाएगी। |

**अधिक जानकारी के लिए, कृपया भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर 'करियर्स' (Careers) सेक्शन और 22.08.2026 के 'एम्प्लॉयमेंट न्यूज़'/'रोज़गार समाचार' को देखें।**

कार्यपालक निदेशक (मा.सं.)

cbc03111/11/0005/2627

NIT NO. N-01/2026-27


# रायपुर में डॉ. विनोद राय ने जीते तीन पदक

## पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिल्वर सहित दो कांस्य

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अगस्त। रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित सुपर मास्टर-2 पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में डिग्री कॉलेज बैढ़न के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. विनोद राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किए। अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित प्रतियोगिता में डॉ. राय ने दमदार प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।**

प्रतियोगिता में पदक जीतकर उन्होंने न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की, बल्कि सिंगरौली जिले का नाम भी प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता से



महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

डिग्री कॉलेज बैढ़न के प्राचार्य सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने डॉ. विनोद राय को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय परिवार ने कहा कि डॉ. राय की यह उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायी है। खेल के क्षेत्र में उनकी सफलता से जिले के युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99